''जब मुझे समय मिलेगा''
(24:24-27)

एक साथी प्रचारक ने ''टालने'' पर यह कहकर एक प्रवचन दिया, कि ''यह बहुत जरूरी विषय है... कई महीनों से मैं इस पर प्रचार करना चाह रहा था... परन्तु किसी कारण से, इसे टालता रहा!''

हम में से हर कोई कामों को, विशेषकर उन कामों को टालने का दोषी है जिनमें हमें आनन्द नहीं आता। विद्यार्थी परीक्षा देना टालते हैं; पति घर का जरूरी काम करना टालते हैं; अमेरिकी लोग 15 अप्रैल जो अन्तिम तिथि है, तक आयकर देना टालते हैं।[1]

बहुत से काम तो जिन्हें हम टालते हैं, छोटे होते हैं, परन्तु कुछ काम और निर्णय जिन्हें हम टालते हैं, बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। किसी ने इस प्रकार से लिखा है:

> वह वही बनने वाला था जो कल एक मनुष्य को होना चाहिए।
> कल-कोई भी उससे अधिक दयालु या बहादुर नहीं होगा।
> परन्तु तथ्य यह है कि वह मर चुका है और उसका स्मरण जाता रहा है,
> और अपनी जीवन यात्रा पूरी होने के बाद वह जो कुछ छोड़कर गया
> वह उन कामों की गठरी थी जो उसने चाहा था कि कल करूंगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात है, मसीही बनने को टालना। एक कहानी के अनुसार एक बार शैतान ने अपने दुष्टात्माओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस की, उसने लोगों के मसीही बनने पर अपनी चिन्ता जताई और पूछा कि इस चलन को धीमा करने के लिए कोई सुझाव हो तो दिया जाए। एक दुष्ट आत्मा ने कहा, ''हमें चाहिए कि लोगों को बताएं कि कोई स्वर्ग नहीं है, उन्हें मसीही बनने की कोई आवश्यकता नहीं।'' ''नहीं, इससे बात नहीं बनेगी,'' शैतान ने कहा। ''सब लोग जो परमेश्वर में विश्वास रखते हैं, उन्हें पता है कि इस जीवन के आगे कुछ है अर्थात परमेश्वर के साथ रहना है।'' एक भूत बोला: ''हम लोगों को बता सकते हैं कि कोई नरक नहीं है, इसलिए यदि वह मसीही नहीं बनते तो उन्हें चिन्ता करने की कोई आवश्यकता नहीं।'' शैतान ने आह भरी। ''इससे भी बात नहीं बनेगी। कोई भी जो संसार में अन्याय को देखता है वह जानता है कि ऐसा समय आएगा जब सब कुछ ठीक हो जाएगा।'' अन्त में, एक भूत ने सुझाव दिया, ''हमें लोगों को बताना चाहिए कि वे

मसीही अवश्य बनें कि स्वर्ग और नरक तो हैं पर *जल्दी करने की कोई आवश्यकता नहीं है।*'' शैतान ने हंसकर कहा, ''बिल्कुल ठीक! इससे इतने लोग नाश होंगे जितने किसी भी प्रकार से नहीं हो सकते!'' यह कहानी एक कल्पना है, परन्तु इसका संदेश कल्पित नहीं: इस विचार ने कि ''जल्दी करने की कोई आवश्यकता नहीं है'' करोड़ों लोगों को परमेश्वर के सामने बिना तैयारी के भेज दिया है।

यह पाठ प्रेरितों के काम की पुस्तक में टालने की एक उत्कृष्ट घटना पर अर्थात अध्याय 24 में राज्यपाल फेलिक्स के अपरिवर्तित रहने पर केन्द्रित है। इस अध्याय का अध्ययन करते समय, पहले भाग में पौलुस के फेलिक्स के सामने खड़े होने और अन्तिम भाग में फेलिक्स के पौलुस के सामने खड़े होने की समानताओं को देखकर मैं चौंक गया। पौलुस की पेशी एक दिन के लिए थी; जबकि फेलिक्स की दो वर्षों के लिए।

दो लोगों पर मुकदमा (24:24)

''कितने दिनों के बाद [पौलुस के सुरक्षित घर में लौटने के बाद] फेलिक्स अपनी पत्नी द्रुसिल्ला को, जो यहूदिन थी, साथ लेकर आया'' (आयत 24क)। फेलिक्स को राज्यपाल होने के कारण अपने कर्तव्यों को पूरा करने हेतु क्षेत्र के निरीक्षण, अन्य अधिकारियों से शिष्टाचार स्वरूप मिलने और ऐसे कई अन्य कामों के लिए जाना पड़ता था। ऐसी ही किसी यात्रा से लौटते हुए राज्यपाल और उसकी पत्नी कैसरिया में वापस पहुंचे।[2]

आगे बढ़ने से पहले, इस परिश्रमी दम्पत्ति का छोटा सा रेखा चित्र देखना अच्छा हो सकता है। फेलिक्स[3] का जन्म क्लाउदियुस की माता अन्टोनिया के परिवार में एक दास के रूप में हुआ था। अन्टोनिया को फेलिक्स और उसका भाई पल्लास अच्छे लगने लगे और उसने उन्हें स्वतन्त्र कर दिया। क्लाउदियुस के शासक बनने के बाद, पल्लास क्लाउदियुस का कृपापात्र बन गया और वह साम्राज्य में अति महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गया। पल्लास के प्रभाव से ही फेलिक्स पहले सामरिया और फिर यहूदिया का हाकिम बना। गुलामों के इतिहास में ऐसा पद पाने वाला फेलिक्स पहला गुलाम था।

फेलिक्स के पास ओहदा तो था, परन्तु सरकार चलाने की शक्ति नहीं थी। रोमी इतिहासकार टेसिटुस ने कहा कि ''[फेलिक्स ने] हर प्रकार की निर्दयता और लालसा से एक दास की मनोदशा से एक राजा के रूप में काम किया।''[4] एक लेखक ने इस राज्यपाल को निर्दयी, भ्रष्ट, लोभी और समझौता कर लेने वाला बताया।[5] यहूदियों में गड़बड़ी के समय फेलिक्स राज्यपाल था। कोई कुशल और कूटनीतिक होता तो वह इस संकट की स्थिति को शांत कर सकता था, परन्तु फेलिक्स में कोई भी गुण नहीं था। इतिहासकार कहते हैं कि उसका कठोर शासन ही एक दशक से भी कम समय में यहूदी विद्रोह का बड़ा कारण बना था, जिसके परिणामस्वरूप यरूशलेम का विनाश हुआ।

राज्यपाल के पास बैठी महिला उसकी आत्म केन्द्रित और अनियन्त्रित अभिलाषा में सहभागी थी। वह बदनाम हेरोदेस के परिवार की सदस्य थी।[6] उसके पिता ने प्रेरित याकूब की हत्या की थी (12:1, 2)। उसके दादा के भाई ने यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले

की हत्या की थी (मत्ती 14:1-12) और यीशु का ठट्ठा किया था (लूका 23:6-12)। उसके परदादा ने बालक यीशु की हत्या करने की कोशिश की थी (मत्ती 2)। द्रुसिल्ला को ''यहूदिन'' कहा जाता था क्योंकि उसकी परदादी मरियम्ने थी, जो एक प्रसिद्ध यहूदी परिवार से थी।[7] द्रुसिल्ला का भाई हेरोदेस अग्रिप्पा द्वितीय तथा बिरनीके नामक बहन थी, जिनसे हम अध्याय 25 में मिलेंगे।

इतिहासकार द्रुसिल्ला की शारीरिक सुन्दरता की एकमत होकर प्रशन्सा करते हैं। क्लोवियूस चपल ने कहा है कि जितनी वह ''अन्दर से गन्दी'' थी, उतनी ही ''बाहर से सुन्दर'' थी।[8] द्रुसिल्ला उस राज्यपाल की तीसरी पत्नी थी।[9] फेलिक्स ने उसे उसके पति से तब छीना था जब वह केवल सोलह वर्ष की थी। द्रुसिल्ला अभी बीस वर्ष की नहीं हुई थी, परन्तु वह सांसारिक कार्य करने में बहुत समझदार हो गई थी।

हमारी कहानी के समय, फेलिक्स और द्रुसिल्ला कैसरिया में पहुंचे हुए थे। समाचारों में दोष ढूंढ़ते हुए, पहला नाम पौलुस का सामने आया और स्पष्टत: द्रुसिल्ला ने उसे देखने और सुनने में रुचि व्यक्त की। वैस्टर्न टैक्सट जोड़ता है कि द्रुसिल्ला ने ''पौलुस को देखने और बोलता सुनने के लिए कहा, इसलिए उसे संतुष्ट करने की इच्छा से [फेलिक्स ने] पौलुस को बुला लिया।'' द्रुसिल्ला पौलुस की बातें क्यों सुनना चाहती होगी? क्या वह उबाऊ शाम में मन बहलाना चाहती थी,[10] या क्या उस मार्ग के बारे में सीखने की उसकी सचमुच इच्छा थी? हमें आशा होगी कि उसकी दिलचस्पी निष्कपट थी।

कारण चाहे कोई भी हो, फेलिक्स ने ''पौलुस को बुलवाया'' (24:24ख)। सी. सी. क्रॉफोर्ड ने इस दृश्य को ऐसे चित्रित किया:

> फेलिक्स अपने अधीन पौलुस को मसीह में विश्वास के बारे में और बताने के लिए पहरे के कमरे से लाने का आदेश देता है। संगमरमर की सीढ़ी पर छन-छन की आवाज आती है, जेल की दुर्गन्ध उसके कपड़ों से आ रही है, एक छोटे कद का आदमी जिसकी आयु तो लगभग साठ वर्ष है, परन्तु लगता वह अस्सी का है अर्थात पौलुस उसके सामने चलता है। वह राज्यपाल और उसके पास बैठी सुन्दर महिला के सामने शिष्टाचार से झुकता है। उनकी बिनती पर, वह विश्वास के प्रथम सिद्धांतों को प्रस्तुत करने लगता है।[11]

आरोप (24:24, 25)

फेलिक्स और द्रुसिल्ला के सामने खड़े होने के समय पौलुस उन्हें यूनानी दर्शन, प्राचीन मिथक विद्या, यात्रा में हुए बहुत से आश्चर्यों के विषयों पर भाषण देकर आकर्षित और प्रभावित कर सकता था। परन्तु, पौलुस की दिलचस्पी उनसे प्रशंसा पाने की नहीं बल्कि उनकी आत्माओं को जीतने की थी।[12] उसने उनके साथ ''उस विश्वास के विषय

में जो मसीह यीशु पर है'' (आयत 24ग) की बात की। द्रुसिल्ला की पृष्ठभूमि यहूदी थी, इसलिए सम्भवत: इस प्रेरित ने पुराने नियम की भविष्यवाणियों से आरम्भ करके यीशु के जीवन में उनके पूरा होने की व्याख्या की होगी (देखिए 17:2, 3)। उसने निश्चय ही यीशु के क्रूसारोहण, पुनरुत्थान और उद्धार के लिए उसमें भरोसा रखने की आवश्यकता भी बताई होगी (4:12; 2:37, 38)।

फिर पौलुस के प्रवचन ने एक अप्रत्याशित मोड़ लिया। यह इशारा करने से कि यीशु में विश्वास के लिए नैतिक उलझनें और आवश्यकताएं हैं, उसका प्रवचन कष्टदायक ढंग से व्यक्तिगत लगने लगा। कई बार, मैंने लोगों को यह कहते सुना है, ''प्रचारक भाई, आप प्रचार छोड़कर हस्तक्षेप करने लग पड़े हो।'' आज या कल, सही प्रचार को लोग हस्तक्षेप ही कहेंगे;[13] प्रचार तो हमारे जीवन की आवश्यकता के अनुसार ही होना है।

पौलुस का प्रचार प्रासंगिक, डांटने वाला, अटल और जोखिम भरा था। लूका ने प्रेरित पौलुस के तीन प्वाइंट वाले प्रवचन की रूपरेखा दर्ज की: ''वह *धर्म* और *संयम* और *आने वाले न्याय* की चर्चा करता था'' (आयत 25क)। मुकदमे में फेलिक्स के सामने पौलुस पर तीन आरोप लगाए गए थे (24:5, 6), जिनके बारे में स्पष्ट था कि वे गलत थे। वस्तुत:, अब, फेलिक्स और द्रुसिल्ला पर तीन आरोप थे, जो कष्टदायक ढंग से सत्य थे।

पौलुस ने ''धर्म'' की बात एक ऐसे दम्पत्ति से की जिनके नाम अन्याय और बुराई के पर्याय थे।[14] अनुवादित यूनानी शब्द ''धर्म'' को भलाई करना कहा जा सकता है। भजन लिखने वाले ने प्रभु से कहा: ''तेरी सब आज्ञाएं धर्ममय हैं'' (भजन संहिता 119:172ख)। यीशु ने कहा कि ''हमें इसी रीति से सब धार्मिकता को पूरा करना उचित है'' (मत्ती 3:15ख)। इस शब्द को परमेश्वर की दृष्टि में अच्छा होना भी गिना जा सकता है (फिलिप्पियों 3:9)। इब्राहीम का विश्वास ''उसके लिए धार्मिकता गिना गया'' (रोमियों 4:3ख)। धार्मिकता के साथ ''न्याय,'' न्यायसंगत और निष्पक्ष होना वे गुण हैं जिनसे वह राज्यपाल और उसकी पत्नी अपरिचित थे।

इसे केवल ऐसे ही लें कि पौलुस ने पाप के बारे में, विशेषकर यह प्रचार किया कि फेलिक्स और द्रुसिल्ला पापी थे जिन्हें परमेश्वर के अनुग्रह की आवश्यकता थी! यीशु ने कहा कि पवित्र आत्मा ''संसार को पाप और धार्मिकता और न्याय के विषय में निरुत्तर करेगा'' (यूहन्ना 16:8ख)। आज संसार की इससे बड़ी कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसमें पाप का बोध नहीं रहा। जाने माने लेखक और कवि फिलिस मैक्गिनले ने ध्यान दिया, ''लोग अब पाप से भरे नहीं रहे। वे केवल अपरिपक्व या शोषित या त्रस्त या अधिक विस्तार से कहें तो बीमार हैं।''[15] संसार को अच्छा लगे या न, परन्तु पाप आज भी पाप ही है, और ''पाप की मजदूरी'' आज भी आत्मिक मृत्यु ही है (रोमियों 6:23)![16]

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज एक बार, जब कलीसिया की आराधना सभा से लौटे, तो उनसे पूछा गया कि प्रचारक ने किस विषय पर प्रचार किया। राष्ट्रपति, जिन्हें अधिक बातें करने वाला नहीं माना जाता था, ने उत्तर दिया, ''पाप।'' प्रश्न पूछने वाले ने ज़ोर दिया, ''उसने इसके बारे में क्या कहा?'' कूलिज ने उत्तर दिया, ''वह इसके

विरुद्ध था।'' जब तक प्रचारक केवल ''इसके विरुद्ध'' न हो, बहुत से लोग पाप के बारे में उसके प्रचार पर आपत्ति नहीं करते। परन्तु, पौलुस का व्यक्तिगत हो जाना परेशान करने वाला था। *दो लोगों से जो पहले ही कामुकता भरा जीवन बिता रहे थे, पौलुस ने ''संयम'' की बात की।*

संयम के विषय में बाइबल बहुत कुछ कहती है। संयम आत्मा के फल (गलतियों 5:23) अर्थात मसीही गुणों का एक भाग है (2 पतरस 1:6)।[17] हिन्दी शब्द ''संयम'' और यूनानी शब्द के इस प्रकार अनुवाद का अर्थ स्व-अनुशासन, अपनी इच्छाओं पर काबू पाने की भीतरी शक्ति,[18] ''शरीर को उसकी लालसाओं और अभिलाषाओं समेत क्रूस पर'' (गलतियों 5:24ख) चढ़ाने की क्षमता है। आत्म-संयम वाला व्यक्ति गलत काम करने से परहेज करता है।[19]

पौलुस के दिनों में, इस शब्द का ''अपने आचरण पर नियन्त्रण के द्वारा *लैंगिक* शुद्धता के लिए भी बार-बार इस्तेमाल होता था''[20] (उदाहरण के लिए 1 कुरिन्थियों 7:9)। बेशर्मी से लैंगिक पाप में रह रहे किसी भी दम्पत्ति के लिए यह भयानक संदेश था (1 कुरिन्थियों 9:10)। यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को द्रुसिल्ला के दादा के भाई को यही संदेश देने पर अपना सिर कटवाना पड़ा था (मत्ती 14:4, 10)! फिर भी, फेलिक्स और द्रुसिल्ला को यह संदेश सुनाना अति आवश्यक था और पौलुस इसका प्रचार करने से हिचकिचाया नहीं!

आज, हमें ऐसे साहसी लोगों की आवश्यकता है, जो उस लैंगिक पाप के विरुद्ध प्रचार कर सकें जिसमें हमारा समाज लिप्त है (देखिए 2 तीमुथियुस 4:1-4)। तत्काल या अनन्त परिणामों के बोध के बिना या उनके बारे में ज्ञान न होने के कारण हज़ारों लाखों की संख्या में लोग शारीरिक पाप अर्थात व्यभिचार करते हैं (रोमियों 13:9; 1 कुरिन्थियों 6:18-20; गलतियों 5:19-21)। आज भी यह सच्चाई है कि ''जो परस्त्रीगमन करता है वह निरा निर्बुद्ध है'' (नीतिवचन 6:32क)।[21]

पौलुस को तीसरा सत्य बताना था। उसे इस प्रश्न का उत्तर देना था, कि ''किसी के शुद्ध जीवन जीने या न जीने या आत्म-अनुशासित होने से क्या फर्क पढ़ता है?'' हो सकता है कि फेलिक्स और द्रुसिल्ला ने कहा हो, ''हे पौलुस, तुमने भक्तिपूर्ण अनुशासित जीवन व्यतीत किया और देख यह तुम्हें कहां ले आया? आज तुम हमारे सामने बेड़ियों में बन्धे और जेल के गन्दे से चोगे में हो। परन्तु हम अपनी इच्छा से जैसे चाहें वैसे जीते हैं, देख हम राजसी वस्त्र पहनकर सिंहासन पर बैठे हैं!'' उन्हें इस बात की समझ होनी चाहिए थी कि परमेश्वर सारे हिसाब इसी जीवन में ठीक नहीं करता। *वर्तमान में जीने वाले उस दम्पत्ति को पौलुस ने ''आने वाले न्याय'' की बात बताई।*

पौलुस फेलिक्स और द्रुसिल्ला के सिंहासनों के सामने खड़ा था, परन्तु वह उन्हें यह समझाना चाहता था कि एक दिन उन्हें अपने असंयम तथा दुराचार के लिए उस अनन्त सिंहासन के सामने खड़े होकर हिसाब देना पड़ेगा (रोमियों 14:12; 2 कुरिन्थियों 5:10; प्रकाशितवाक्य 20:11-15)। अथेने के लोगों में पौलुस ने ऐलान किया था कि:

> परमेश्वर ... , अब हर जगह सब मनुष्यों को मन फिराने की आज्ञा देता है। क्योंकि उसने एक दिन ठहराया है, जिसमें वह उस मनुष्य के द्वारा धर्म से जगत का न्याय करेगा, जिसे उसने ठहराया है और उसे मरे हुओं में से जिलाकर, यह बात सब पर प्रमाणित कर दी है (प्रेरितों 17:30, 31)।

आज बहुत से पुलपिटों से, न्याय के दिन का प्रचार बन्द कर दिया गया है। लोग यह विश्वास करना चाहते हैं कि इस जीवन के बाद एक दीप्तिमान स्वर्गीय स्वागतकर्त्ता कमेटी हर एक का स्वागत करेगी।[22] परन्तु, जैसे इब्रानियों के लेखक ने ज़ोर देकर कहा कि:

> [सब] मनुष्यों के लिए एक बार मरना और उसके बाद *न्याय* का होना नियुक्त है (इब्रानियों 9:27)।
>
> क्योंकि ... यदि हम जान बूझकर पाप करते रहें, तो पापों के लिए फिर कोई बलिदान बाकी नहीं। हां, दण्ड का एक भयानक बाट जोहना और आग का ज्वलन बाकी है जो विरोधियों को भस्म कर देगा (इब्रानियों 10:26, 27)।
>
> क्योंकि हम उसे जानते हैं, जिसने कहा, कि पलटा लेना मेरा काम है, मैं ही बदला दूंगा: ... जीवते परमेश्वर के हाथों में पड़ना भयानक बात है (इब्रानियों 10:30, 31)।[23]

उत्तर (24:25)

मुकदमे के दौरान पौलुस द्वारा उसे आरोपों के उत्तर देने पर हम चकित नहीं हुए थे: वह तुरन्त अपना बचाव करने लगा। वस्तुत:, फेलिक्स और द्रुसिल्ला पर अधर्मी, असंयमी और न्याय के प्रति उदासीन होने के पौलुस के आरोप के बाद राज्यपाल का उत्तर अनापेक्षित ही नहीं बल्कि चौंकाने वाला था।[24] एक पल के लिए तो वह अवाक् रह गया और ''भयमान'' होने के सिवाय कुछ न कर पाया था (आयत 25)। ''और जब वह [पौलुस] धर्म और संयम और आने वाले न्याय की चर्चा करता था, तो फेलिक्स ने भयमान होकर उत्तर दिया'' (आयत 25क,ख)। ASV में ''फेलिक्स *दहल* गया है।''

क्लोविस चैपल ने वहां उपस्थित होने और दृश्य को देखने की कल्पना की:

> मैंने देखा कि उसने मुट्ठियां ज़ोर से कसी हुई हैं जिससे उसकी अंगुलियों की गांठे सफेद हो गईं, और उसके नाखुन हाथों की हथेलियों में धंसे हुए हैं। मैंने उसके मुंह पर पसीने की बड़ी-बड़ी बूंदें जमा हुई देखीं। मैंने उसे घने कोहरे में फंसे आदमी की तरह ठिठुरते देखा।

जितना कुछ हम फेलिक्स के बारे में जानते हैं, उसे देखते हुए यह विचार करना कठिन है कि उसके विवेक को स्पर्श किया जा सकता था; परन्तु स्पष्टत: उसके विवेक को

स्पर्श किया गया। उसने परमेश्वर के वचन के आईने में अपने वास्तविक चेहरे के साथ अनन्तकाल की एक झलक और वह सब कुछ देखा जिसके कारण वह मृत्यु से भय खाने लगा था (याकूब 1:23-25)।

संयोगवश, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि द्रुसिल्ला भी भय से कांपी या पौलुस के संदेश का उस पर कोई असर हुआ। यदि इस सुन्दर महिला की सुसमाचार में कभी दिलचस्पी पैदा हुई भी, तो यह पता चलने पर कि इसे स्वीकार करने के लिए उसे अपनी जीवन शैली बदलनी होगी, उसकी दिलचस्पी शीघ्र ही समाप्त हो गई।

फल (24:25-27)

फेलिक्स के लिए यह समय सच्चाई का अर्थात स्वर्णिम अवसर था। यदि यह राज्यपाल निराश होकर पुकार उठता, ''हे भाई, मैं क्या करूं?'' (देखिए प्रेरितों 2:37), तो उसका जीवन और अनन्तकाल कितना भिन्न अर्थात, प्रभु को अर्पित कर दिया गया होता! इसके बजाय, उसने यह पुकारा ''अभी तो जा!'' उसका भय बुराई से धर्म की ओर मुड़ने के लिए तो नहीं, परन्तु बातचीत को संक्षिप्त करके[25] यह कहने के लिए पर्याप्त था, कि ''अभी तो जा, अवसर पाकर[26] मैं तुझे फिर बुलाऊंगा''[27] (24:25ग)। उस राज्यपाल ने पौलुस के मुकदमे में, फेलिक्स के सामने निर्णय लेना टाला (आयत 22); प्रभु के सामने अपने मुकदमे के लिए खड़े होकर फेलिक्स ने, फिर निर्णय लेना टाल दिया। ''उसने अपने ही केस को आगे डाल दिया।''

फेलिक्स के पास उस दिन निर्णय लेने में देरी करने के अपने ही ''कारण'' थे, अर्थात देर हो रही है; वह और द्रुसिल्ला यात्रा के कारण थके हुए थे; उसके दिमाग में और भी कई केस थे (जैसे कि यहूदियों का विद्रोह बढ़ता जा रहा था)।[28] इसमें कोई संदेह नहीं कि उसके लिए पौलुस की बातों पर विचार करने के लिए ''अवसर पाकर'' विचार करना अच्छा होता। परन्तु, यह तथ्य रह जाता है कि पौलुस को टालकर, फेलिक्स ने वह अवसर गंवा दिया जो उसे जीवन में केवल एक ही बार मिलना था।

KJV के अनुवाद में है ''*सुविधाजनक* समय मिलने पर, मैं तुम्हें बुला लूंगा।''। पाप भरी जीवन शैली को बदलना, लाभजनक स्थिति को त्यागना और खुबसूरत पत्नी को छोड़ना कभी ''सुविधाजनक'' नहीं लगता!

दिन बीतते गए और फेलिक्स को पौलुस से दोबारा मिलने का समय मिलता रहा: ''और भी बुला बुलाकर उससे बातें किया करता था''[29] (आयत 26ख)। परन्तु, उस राज्यपाल ने पौलुस को फिर कभी ''उस विश्वास के विषय में जो मसीह यीशु पर है'' (आयत 24ग) सुनने के लिए नहीं बुलाया। यदि वह पौलुस के सामने दोबारा कांपा हो तो लूका ने उसे दर्ज नहीं किया। फेलिक्स ने ''प्रभु को वस्तुओं को पाने, शक्ति की भूख, धन के भूखे मन के खालीपन को दूर करने की अनुमति देने का'' अवसर खो दिया था। ''अवसर की [आत्मिक] खिड़की''[30] उसके लिए बन्द हो चुकी थी।

फेलिक्स में मर्यादा की भड़कती चिंगारी अब बुझ चुकी थी। उसका हृदय उन सलाखों

की तरह कठोर हो चुका था जिन्होंने पौलुस को कैद में रखा था (इब्रानियों 4:7)। आत्मिक बातों में उसकी रुचि जाती रही थी।[31] उसने अब पौलुस को ''... कुछ रुपये मिलने की ... आस ...'' से बुलवाया[32] (प्रेरितों 24:26क)। मैं कल्पना कर सकता हूं कि पौलुस बीच में रोककर फेलिक्स से यीशु के बारे में बात करने का यत्न कर रहा है: ''हां, ये बातें सब बहुत अच्छी लगती हैं, परन्तु जो तुमने पहले यहूदियों के लिए चंदा लाने की बात की वह और भी अच्छी लगती है।''[33] मैं फेलिक्स को उसकी ओर मसखरी भरी सहानुभूति से देखते हुए पाता हूं: ''हे पौलुस, तुम मुझे ऐसी हालत में अच्छे नहीं लगते, क्योंकि तुम्हें इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। तेरे तो कई मित्र इतने धनी हैं कि वे तेरी सहायता कर सकते हैं, हैं कि नहीं? मैं भी तेरी सहायता कर सकता हूं। सब प्रबन्ध हो सकता है ...।''

KJV और NKJV में वैकल्पिक लेख का प्रभाव देने के लिए, एक अतिरिक्त वाक्यांश रखा गया है: ''वह उसे हाथ से जाने दे या फिर छोड़ दे।'' मूल शास्त्र में ये शब्द थे या नहीं, यह स्पष्ट है कि काफी घूस मिलने की आस ने,[34] फेलिक्स ने पौलुस के छूटने की बात को लटका दिया। घूस लेना रोमी कानून के अनुसार मना था, परन्तु फिर भी घूस लेना फेलिक्स जैसे अधिकारियों के जीवन की वास्तविकता थी।

घूस के बारे में बाइबल की शिक्षा स्पष्ट है,[35] और यह कहानी उस शिक्षा के लिए शक्तिशाली ढंग से प्रासंगिक है। यदि कोई ऐसी परिस्थिति आई जिसमें घूस लेने को उचित ठहराया जाए, तो वह यही थी। पौलुस के मित्र यह तर्क दे सकते थे कि परमेश्वर निश्चय ही प्रचार और शिक्षा के लिए पौलुस को स्वतन्त्र करने का इच्छुक था, ''इसी समय'' किसी भ्रष्ट अधिकारी को घूस देकर राजी किया जाए। पौलुस के मित्रों के पास धन था; परन्तु महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी ओर से कोई घूस नहीं मिलने वाली थी। ''साधन'' परमेश्वर के वचन का उल्लंघन करने लगे तो ''लक्ष्य'' कभी भी ''साधन को उचित'' नहीं ठहराता![36]

दिन सप्ताहों में बदलते गए और सप्ताह महीनों में, इसी प्रकार दो वर्ष बीत गए (आयत 27क)।[37] फेलिक्स और पौलुस के बीच शब्दों का लेन-देन हो गया, परन्तु धन का नहीं। दो वर्ष बाद, ''पुरकियुस फेस्तुस[38] फेलिक्स की जगह पर आया, और फेलिक्स यहूदियों को खुश करने की इच्छा से पौलुस को बन्धुआ छोड़ गया''[39] (आयत 27ख)। फेलिक्स को नीरो ने पदच्युत करके 59 ई. में रोम में बुला लिया था।[40] इतिहास गवाह है कि उसके स्थान पर किसी और को क्यों बिठाया गया और वह यहूदियों को क्यों खुश करना चाहता था:

> इस बात पर बहुत बहस थी कि कैसरिया यहूदी नगर था या यूनानी और इस पर यहूदी और यूनानियों में कटारें भी निकल गई थीं। भीड़ में हिंसक विद्रोह हो गया था जिससे यहूदी अलग पड़ गए थे। फेलिक्स ने यूनानियों की सहायता के लिए सेना भेज दी। हज़ारों यहूदी मारे गए और फेलिक्स की सहमति तथा उत्साह से सेनाओं ने नगर में धनी यहूदियों के घरों पर कब्जा करके उन्हें लूट लिया।
>
> यहूदियों ने वही किया जो रोम के सभी निवासियों को करने का अधिकार था अर्थात उन्होंने रोम में राज्यपाल की शिकायत कर दी। इसी कारण फेलिक्स ने पौलुस को कैद में रखा, बेशक उसे पता था कि पौलुस को छोड़ देना चाहिए। वह यहूदियों की कृपा दृष्टि पाने की कोशिश कर रहा था।[41]

यहूदियों को शांत करने के फेलिक्स के प्रयासों के बारे में विलियम बार्कले ने कहा, ''इस सबका कोई उद्देश्य नहीं था। उसे राज्यपाल की गद्दी से उतार दिया गया था और केवल अपने भाई पलास के प्रभाव से ही वह मृत्युदण्ड से बचा था।'' फेलिक्स को गाऊल (अर्थात, फ्रांस) में देश निकाला दिया गया था और वह वहीं मर गया। बाद में द्रुसिल्ला और उसका पुत्र वेशवियुस पहाड़ के स्फोटन से मर गए, जिससे उस दम्पत्ति की कहानी का अन्त हो गया जिसने संसार को पाना चाहा और अपने प्राणों की हानि उठाई (मत्ती 16:26)। यह कहानी और भी दुखदायी हो जाती है जब कोई उस स्वर्णिम दिन को याद करता है जब इन दोनों ने पौलुस द्वारा अपने प्रभु के बारे में बातें सुनी थीं। ''जीभ या कलम की सबसे दुखदायी बातों में, 'हो सकता था' आती हैं!''

सारांश

प्रेरितों 24 अध्याय के अपने अध्ययन में, हमने तीन लोगों अर्थात पौलुस, फेलिक्स और द्रुसिल्ला पर मुकदमा दायर किया हुआ देखा। समाप्त करने से पहले, हम *चौथे* व्यक्ति अर्थात *आप* पर मुकदमे पर विचार करना चाहते हैं। आज आप पवित्र परमेश्वर के सामने आरोपी के रूप में खड़े हैं। आप पर पापी होने का आरोप है, और आपके लिए केवल एक ही तर्क है कि आप ''दोषी'' हैं (रोमियों 3:23)। हम सभी आत्मिक तौर पर अशुद्ध हैं, ''और हमारे धर्म के काम सब के सब मैले चिथड़ों के समान हैं'' (यशायाह 64:6ख)।

परमेश्वर आपको क्षमा करता है या नहीं, यह उसके वचन के प्रति आपके उत्तर पर निर्भर करता है। कई लोग द्रुसिल्ला की तरह लापरवाही से परमेश्वर के अनुग्रह को ठुकराकर उत्तर देते हैं। बहुत से और लोग फेलिक्स की तरह उत्तर देते हैं। अपने मन में झांकिए: क्या ''आने वाले न्याय'' पर विचार करने पर आपका हृदय तेजी से धड़कने लगता है? क्या आप फेलिक्स की तरह कांपते तो हैं, परन्तु फिर भी अपने जीवन की दिशा को बदलने के लिए कोई योजना नहीं बनाते? फेलिक्स की दुखद कहानी से सीख लें कि अपने आपको परमेश्वर के अनुग्रह के सामने फैंक दें और *अभी फैंकें*!

ऐडवर्ड यंग कहता है, ''टालना समय का चोर है।'' यह आत्माओं का चोर भी है। एक पुरानी अंग्रेज़ी कहावत है कि ''आजकल करने का अर्थ है कभी नहीं।'' एक प्रचारक मित्र ने हाल ही में टिप्पणी की थी कि ''कैलेण्डर में समडे नहीं होता।'' अर्थात कैलेण्डर में किसी दिन शब्द नहीं होता इसलिए बाइबल ऐलान करती है:

> कल के दिन के विषय में मत फूल,
> क्योंकि तू नहीं जानता कि दिन भर में क्या होगा (नीतिवचन 27:1)।[42]

> क्योंकि वह तो कहता है, कि अपनी प्रसन्नता के समय मैंने तेरी सहायता की: देखो, अभी वह प्रसन्नता का समय है; देखो, अभी वह उद्धार का दिन है (2 कुरिन्थियों 6:2)।

> यदि आज तुम उसका शब्द सुनो, तो अपने मनों को कठोर न करो (इब्रानियों 4:7ख)।

किसी ने कहा है, ''सुसमाचार की आज्ञा मानने के लिए तुम्हारा एक दिन अन्तिम दिन होगा।'' हो सकता है कि वह दिन यही हो। यदि आपको प्रभु के पास आने की आवश्यकता है, तो अभी आ जाएं!

विजुअल-एड नोट्स

क्लास में, आरम्भ में दिलचस्पी बढ़ाने के लिए, बोर्ड के ऊपर लिखें, ''संसार का सबसे बड़ा भार (weight)।'' उसके नीचे एक हाथी, वेट लिफ्टरों का भार और अन्य भारी वस्तुएं बना दें। क्लास से पूछें कि उन्हें ''संसार का सबसे बड़ा भार'' क्या लगता है। फिर शब्द ''weight'' को ''wait'' में बदल दें और ध्यान दें कि सबसे भारी "wait" *आज्ञापालन* का wait अर्थात प्रतीक्षा करना है।

कई बार, फेलिक्स पर प्रचार करने के लिए, मैं एक सरल सी रूपरेखा बनाकर बोर्ड पर इसे स्पष्ट करने के लिए (1) एक अधर्मी श्रोता, (2) एक निर्भय प्रचारक, (3) एक खोजपूर्ण प्रवचन, और (4) निराशाजनक परिणाम इस्तेमाल करता हूं। ''सुनने वालों'' के विषय में बात करने के लिए, मैंने बोर्ड पर फेलिक्स और द्रुसिल्ला का चित्र बनाया। ''प्रचारक'' पर चर्चा करते हुए मैंने पौलुस को बेड़ियों से बन्धे दिखाया। ''प्रवचन'' पर आकर मैंने पौलुस की तीन बातें लिखीं।

अन्त में, मैंने बोर्ड पर मोटा करके ''भयभीत, परन्तु प्रतीक्षा करता रहा'' (या ''कांपता हुआ, परन्तु 'उचित अवसर' की प्रतीक्षा में''; KJV) लिखा।



प्रवचन
धार्मिकता
आत्म-संयम
आने वाला न्याय

''डर गया, परन्तु टाल दिया''

प्रवचन नोट्स

''प्रेरितों के काम, भाग-1'' के पृष्ठ 70 में प्रेरितों की पुस्तक में मन परिवर्तनों पर तेरह प्रवचनों की एक शृंखला सुझाई गई थी। यह अर्थात फेलिक्स का अपरिवर्तित रहना उन पाठों में एक है। मनपरिवर्तन के जिन मामलों का आपने अध्ययन किया है, उनकी समीक्षा आरम्भ करनी चाहिए और फिर ध्यान दें: ''मनुष्य के स्वभाव के कारण, हमें उससे आश्चर्य नहीं होगा यदि उनमें से कई अपरिवर्तित रहें तो क्योंकि हर कोई वचन को स्वीकार नहीं करता। हम आज अपरिवर्तित रहने के एक उत्कृष्ट मामले का अध्ययन करेंगे।'' इन

प्रवचनों पर एक अलग शृंखला के रूप में प्रचार करना हो, तो इस पाठ में उन हवालों को निकाल दें जो पौलुस के मुकदमे से मेल खाते हैं। सम्भवत: अनुवाद आप इस्तेमाल कर रहे हैं उसके शब्दों से मेल खाता शीर्षक बनाने के लिए परिवर्तन करेंगे।

विलियम समिटी ने ''फेलिक्स, पापियों का उदाहरण'' शीर्षक से प्रवचन के लिए ये सुझाव दिए: (1) फेलिक्स, *कुछ* पापियों की तरह, सच्चाई को ''ठीक-ठीक जानता'' था। (2) फेलिक्स, *सभी* पापियों की तरह, निर्णय लेने में उलझन में पड़ गया। (3) फेलिक्स ने, *बहुत से* पापियों की तरह परमेश्वर के संदेशवाहक और संदेश से मुंह मोड़ लिया। (4) फेलिक्स को, *असंख्य* पापियों की तरह परमेश्वर के वचन को सुनने और उस पर विश्वास करने का ''उपयुक्त अवसर'' दोबारा कभी नहीं मिला। (विलियम एच. समिट्टी, *300 सरमन आउटलाइन्स फ्रॉम द न्यू टैस्टामेन्ट*)।

पाद टिप्पणियां

[1]इस उदाहरण को सुनने वालों की आवश्यकतानुसार निजी बनाना चाहिए। जीवन के ऐसे कौन से सामान्य कार्य हैं जिन्हें लोग टालते रहते हैं ? [2]सम्भव है कि ''पहुंचे'' शब्द का अर्थ केवल यही हो कि वे जहां कैसरिया में ठहरे हुए थे वहां से उस स्थान पर गए जहां पौलुस कैद था; परन्तु राज्यपाल आमतौर पर किले में ही ठहरता था और पौलुस को भी वहीं पर कैद रखा गया था, इसलिए ''पहुंचे'' का अतिस्वाभाविक अर्थ यह है कि वे नगर से बाहर गए हुए थे और अब लौट आए थे। [3]नाम ''फेलिक्स'' का अर्थ है ''प्रसन्न।'' यह नाम सम्भवत: उसने गुलामी से स्वतन्त्र होने के समय रखा। परन्तु, जैसा कि हम देखेंगे कि यह ''प्रसन्न महोदय'' अधिक प्रसन्न नहीं था। [4]जे. डब्ल्यू मैक्गार्वे, *न्यू कमैन्ट्री ऑन ऐक्ट्स ऑफ अपोस्टल्ज़,* vol.2 में उद्धृत। [5]जी. कैम्पबेल मोर्गन, *द ऐक्ट्स ऑफ द अपोस्टल्ज़।* [6]''प्रेरितों के काम, भाग-3'' के पृष्ठ 180 पर ''हेरोदेस का घराना'' चार्ट और उसी भाग में पृष्ठ 45 पर द्रुसिल्ला का उल्लेख देखिए। [7]मरियम्ने हेरोदेस महान की पत्नियों में से एक और अरिस्तोबुलुस की माता थी, जिससे द्रुसिल्ला आई। ''प्रेरितों के काम, भाग-3'' के पृष्ठ 180 पर ''हेरोदेस का घराना'' चार्ट और उसी भाग में पृष्ठ 43 और उसके अगले पृष्ठ देखिए। [8]क्लोविस जी. चेप्पल, *वेल्यूज़ दैट लास्ट* । [9]फेलिक्स के सभी विवाह सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए थे; उसकी तीनों पत्नियां राजसी परिवार से हैं। एक तो ऐन्टनी और क्लेयोपेट्रा की पोती थी। [10]पाप से मनुष्य शीघ्र ही ऊब जाता है। यदि हमारे इस अधार्मिक युग में पुरातन बेबीलोन का कोई लुच्चा जी उठे, तो वह जम्हाई लेकर केवल इतना ही कहेगा, ''मैंने तो यह सब पहले ही देखा हुआ है।''

[11]सी. सी. क्रॉफोर्ड, *सरमन आउटलाइंज़ ऑन ऐक्ट्स, rev. ed.* [12]फेलिक्स और द्रुसिल्ला चाहे कितने भी भ्रष्ट थे, फिर भी परमेश्वर उनका उद्धार चाहता था (2 पतरस 3:9)। उन्हें परिवर्तित करना ''कठिन कार्य'' था, परन्तु उन दूसरे लोगों (शमोन टोना, दारोगा, स्वयं शाऊल, आदि) से कठिन नहीं जो मसीह के उद्धार के ज्ञान तक पहुंच गए थे। [13]लॉयड जे. ओगिल्वी, *द कम्युनिकेटर'स कमैन्ट्री,* vol.5, *ऐक्ट्स।* [14]पौलुस के पसन्दीदा शब्दों में से ''धर्म'' एक था; उसने अपने पत्रों में इसका उपयोग 56 बार किया। [15]वारेन डब्ल्यू. वियर्सबे, *द बाइबल एक्सपोज़िशन कमैन्ट्री,* vol.1 में उद्धृत। [16]इसे सुनने वालों में खोए हुओं की आवश्यकता के अनुसार विस्तार देना चाहिए। [17]1 कुरिन्थियों 9:25 और तीतुस 1:8 भी देखिए। [18]यूनानी शब्द का अनुवाद ''संयम'' एक मिश्रित शब्द है जिसका अक्षरश: अर्थ है ''सामर्थ के [या से] बाहर।'' [19]हिन्दी अनुवाद में ''संयम'' शब्द KJV की तरह लिया गया है, जिसका अर्थ उस बात से परहेज रखना जो गलत हो। [20]साइमन जे. किस्टमेकर, *न्यू टैस्टामेन्ट कमैन्ट्री: एक्सपोज़िशन ऑफ द ऐक्ट्स द अपोस्टल्ज़।*

[21]यह पद प्रवचन को वैसे ही विशेष तथा व्यावहारिक बनाने के लिए है जैसे पौलुस ने इसे बनाया था। इस भाग को संसार के विभिन्न भागों में उनकी आवश्यकता के अनुसार लेना चाहिए। [22]हमारे समय के खूब प्रचारित ''मृत्यु के निकट के अनुभव'' (उनमें से यदि सभी नहीं तो अधिकतर) यह प्रभाव छोड़ेंगे कि मृत्यु के बाद सब लोग प्रसन्न, परमेश्वर की भक्ति कर रहे होंगे। बाइबल इसके विपरीत बताती है (मत्ती 7:13, 14)। [23]दूसरे पदों में 2 थिस्सलुनीकियों 1:1-9; 1 पतरस 4:17-19; 2 पतरस 2:9-14; 3:3-10 शामिल हो सकते हैं। [24]उस शासक से हमने उदासीनता, उपहास, यहां तक कि क्रोध करने की बात सोची होगी। [25]फेलिक्स को ''संसारी शोक'' (2 कुरिन्थियों 7:10) के एक उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। [26]सचमुच महत्वपूर्ण कामों के लिए हम कभी ''अवसर *पाते*'' नहीं, बल्कि हमें ''समय *निकालना*'' पड़ता है। [27]इस जवाब की तुलना प्रेरितों 17:32 में अथेने के लोगों से कीजिए। [28]टाल मटोल करने के लिए फेलिक्स तथा लोगों के प्रसिद्ध बहानों में तुलना की जानी चाहिए। [29]हमें ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि द्रुसिल्ला ने दोबारा कभी पौलुस को सुनने में दिलचस्पी दिखाई हो। [30]''अवसर की खिड़की'' उस थोड़े से समय को कहा गया है जिसमें कोई निश्चित उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है या किसी ऐसे काम को पूरा किया जा सकता है जिसकी इच्छा की गई हो। एक बार समय हाथ से निकल जाने के बाद, वह अवसर फिर नहीं आता।

[31]टाल-मटोल के ख़तरों पर ज़ोर दिया जाना चाहिए: (1) दूसरा अवसर मिलने से पहले किसी की मृत्यु हो सकती है; (2) हो सकता है कि प्रभु ही लौट आए; (3) उसका हृदय कठोर हो सकता है। जितनी बार सुसमाचार के निमन्त्रण को कोई ठुकराता है उतना ही उसका हृदय कठोर होता जाता है। [32]शास्त्र में लिखा है, ''उसे पौलुस से कुछ रुपये मिलने की भी आस थी।'' मैं ''भी आस थी'' शब्दों को यह संकेत देने के लिए लेता हूं कि आरम्भ में फेलिक्स को समझ नहीं आ रही थी कि क्या करे। परन्तु, स्पष्टत: सुसमाचार में फेलिक्स की किसी भी गम्भीर दिलचस्पी को मिटाने के लिए लालच ने अधिक देर नहीं लगने दी। [33]इस भाग में प्रेरितों 24:17 पर नोट्स देखिए। [34]फेलिक्स ऐसा शासक था जिसकी पत्नी राजसी परिवार से थी और उसका भाई रोम में सबसे धनी लोगों में से एक था; संकोचपूर्ण घूस पर्याप्त नहीं होनी थी। [35]देखिए निर्गमन 23:8; व्यवस्थाविवरण 16:19; 2 इतिहास 19:7; भजन संहिता 15:5, 27. [36]बहुत से इलाकों में घूस जीवन का एक ढंग है, इसे प्रत्येक खरीद या कार्य के लिए लगभग ''अतिरिक्त कर'' की तरह ही लिया जाता है। बहुत से लोग दैनिक आधार पर घूस लेने पर बाइबल की शिक्षा से संघर्ष करते हैं, मैंने कभी यह कोशिश नहीं की। मैं समझ नहीं पाता कि इन सभी उलझनों को किस प्रकार सुलझाया जाए; घूस को समाप्त करने की कोशिश करने वालों के साथ मैं केवल अपनी सहानुभूति दिखाते हुए प्रार्थना ही कर सकता हूं। [37]स्पष्टत: दूसरी सुनवाई जिसकी प्रतिज्ञा फेलिक्स ने की थी, कभी नहीं हुई (24:22)। [38]पुरकियुस फेस्तुस के बारे में हमारे पास जो भी थोड़ी बहुत जानकारी है उसके लिए अगले पाठ के आरम्भ में देखिए। [39]कानूनी कार्यवाही करके फेलिक्स केवल पौलुस को छोड़ ही सकता था, सो एक बार फिर उसने कुछ न करने को चुना। आत्मिक तौर पर फेलिक्स बन्दी ही रहा जबकि पौलुस मसीह में स्वतन्त्र था। एक शास्त्र में ''बन्धुआ बनाकर'' के बाद ''द्रुसिल्ला की खातिर'' जोड़ा गया है। शायद द्रुसिल्ला उस व्यक्ति से द्वेष करके जिसकी बातें उसे बुरी लगी थीं, अपनी बुआ हेरोदियास के पदचिह्नों पर चली (मरकुस 6:19)। [40]प्रेरितों के काम के कालानुक्रम पर काम करते हुए आयत 27 मुख्य हवाला है: दो वर्ष पूर्व 57 ई. में पौलुस को यरूशलेम में गिरफ्तार किया गया था; फेस्तुस के राज्यपाल बनने के थोड़ी देर बाद वह रोम जाने के लिए चल पड़ा था (ई. 60?) और 2 वर्ष वहां रहा था (28:30), सो यह पुस्तक 62 ई. के लगभग पूरी हुई।

[41]विलियम बार्कले, *द ऐक्ट्स ऑफ द अपोस्टल्ज़,* द डेली स्टडी बाइबल सीरीज़, rev. ed. [42]लूका 12:19-21; याकूब 4:13, 14 भी देखिए।